आकाशवाणी श्री विजयपुरम

27.02.2025 समय : 1850

- महाकुंभ को एकता का महायज्ञ बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत को अपनी विरासत पर गर्व है ।
- मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री एस. पी. सिंह बघेल और जॉर्ज कुरियन ने प्राणी मित्र और जीव दया पुरस्कार विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए।
- क्लिनिकल रिसर्च यूनिट –होम्योपैथी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बम्बूफ्लाट में फार्माकोविजिलेंस कार्यक्रम का आयोजन किया।
- भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से कर्ज माफी पर अनधिकृत अभियानों के खिलाफ चेतावनी जारी।

<><><><><><>

महाकुंभ को एकता का महायज्ञ बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि भारत को अपनी विरासत पर गर्व है और वह नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने प्रयागराज महाकुंभ की सफलता की सराहना करते हुए कहा कि यह आधुनिक प्रबंधन पेशेवरों और नीति विशेषज्ञों के लिए अध्ययन का विषय है। उन्होंने कहा कि दुनिया में कहीं भी इतने बडे पैमाने का कोई आयोजन नहीं हुआ है। एक ब्लॉग पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि करोड़ों लोग प्रयागराज में संगम के तट पर एकत्र हुए जबकि लोगों को कोई औपचारिक निमंत्रण नहीं मिला था। इसके बावजूद करोड़ों लोग अपनी मर्जी से महाकुंभ आए और संगम में पवित्र स्नान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि महिलाएं, बुजुर्ग, दिव्यांग समेत सभी लोगों ने संगम तक पहुंचने का रास्ता ढूंढ लिया।

<><><><><><>

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री एस. पी. सिंह बघेल और जॉर्ज कुरियन ने आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में प्राणी मित्र और जीव दया पुरस्कार विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। प्राणी मित्र पुरस्कार पांच उप–श्रेणियों में दिए गए, जिनमें वकालत, अभिनव विचार, आजीवन पशु सेवा शामिल हैं। पशु कल्याण संगठनों और कॉर्पोरेट संस्थाओं, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, सरकारी निकायों या सहकारी समितियों के लिए दो पुरस्कार दिए गए। जीव दया पुरस्कार तीन उप–श्रेणियों में दिए गए हैं, जिनमें व्यक्ति, पशु कल्याण संगठन और स्कूल, संस्थान, शिक्षक या बच्चे शामिल हैं। इस पहल का उद्देश्य पशु कल्याण और संरक्षण में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए उत्कृष्ट व्यक्तियों और संगठनों को मान्यता देना है। श्री बघेल ने कहा कि ये पुरस्कार नागरिकों में जागरूकता बढ़ाते हैं।

<><><><><><>

विकास एवं सुविधा कार्यालय के एम एस एम ई शाखा की ओर से हट बे के पंचायत समिति भवन में 'पीएम विश्वकर्मा योजना पर जागरूकता कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी बेल्थेजर, क्षेत्र के उप–प्रमुख राजा, ग्रामीण विभाग तथा उद्योग विभाग के प्रतिनिधियों के अलावा लिटिल अंडमान के ग्राम प्रधानों ने भी भाग लिया। प्रभारी सहायक निदेशक जी.के. सिन्हा ने पीएम विश्वकर्मा योजना और विभिन्न एम एस एम ई योजनाओं पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का उद्देश्य पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत संभावित लाभार्थियों के नामांकन को बढ़ाना था। इसके अलावा पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत विभिन्न लाभों को प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में मौजूदा लाभार्थियों के बीच जागरूकता पैदा करना था।

<><><><><><>

क्लिनिकल रिसर्च यूनिट –होम्योपैथी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बम्बूफ्लाट में फार्माकोविजिलेंस कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा अधिकारी और चिकित्सा अधिकारी के सहयोग से स्वास्थ्य चिकित्सकों और मरीजों के बीच होम्योपैथिक उपचारों में फार्माकोविजिलेंस के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए आयोजित किया गया। सत्र का संचालन फार्माकोविजिलेंस की विशेषज्ञ डॉ. नमिता गोपाल ने किया। कार्यक्रम में चिकित्सकों और मरीजों में होम्योपैथिक उपचारों की निगरानी करने, किसी भी प्रतिकूल प्रतिक्रिया की तुरंत पहचान करने और बिना देरी के उनकी रिपोर्ट करने के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य मरीजों के लिए होम्योपैथिक उपचारों की समग्र सुरक्षा को बढ़ाना था, जिससे एक बेहतर स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित हो सके।

<><><><><><>

उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति, कलकत्ता उच्च न्यायालय की सर्किट बेंच, पोर्ट ब्लेयर की ओर से श्री विजयपुरम में आठ मार्च को सुबह साढ़े दस बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। सभी संबंधितों से कहा गया है कि वे राष्ट्रीय लोक अदालत के समक्ष अपने मामलों के निपटान के लिए अपने अधिवक्ताओं के माध्यम से आवेदन कल तक सर्किट बेंच के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र कार्यालय के मेल पर भी भेजे जा सकते हैं।

<><><><><><>

भारतीय रिजर्व बैंक के संज्ञान में आया है कि कुछ भ्रामक विज्ञापनों द्वारा ऋण माफी की पेशकश करके उधारकर्ताओं को लुभाने के प्रयास किए जा रहे हैं। ये संस्थाएँ प्रिंट मीडिया के साथ–साथ सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म पर भी ऐसे कई अभियानों को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रही हैं। ऐसी संस्थाओं द्वारा बिना किसी अधिकार के 'ऋण माफी प्रमाणपत्र' जारी करने के लिए सेवा या कानूनी शुल्क लेने की खबरे हैं। ऐसी गतिविधियाँ वित्तीय संस्थानों की स्थिरता और जमाकर्ताओं के हितों पर प्रभाव डालती हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा है कि कि ऐसी संस्थाओं के साथ जुड़ने से प्रत्यक्ष वित्तीय नुकसान हो सकता है। बैंक ने आम जनता को ऐसे झूठे और भ्रामक अभियानों से दूर रहने को कहा है। ऐसी घटनाओं की सूचना कानून प्रवर्तन एजेंसियों को साइबर अपराध शिकायत पोर्टल के माध्यम से दी जा सकती है।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम में भारतीय स्टेट बैंक– ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान की ओर से द्वीपसमूह की बेरोजगार महिलाओं के लिए निःशुल्क ब्यूटी पार्लर तथा सिलाई पाठ्यक्रम संचालित करेगा। यह प्रशिक्षण ग्रामीण विकास मंत्रालय के दिशा–निर्देशों के तहत आयोजित किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले और स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। इच्छुक उम्मीदवार आवश्यक दस्तावेजों के साथ सुबह दस बजे से शाम पांच बजे के बीच मोहनपुरा स्थित भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><>

मुख्य सचिव के निर्देशानुसार, सभी विभागों में तिमाही बनावटी अभ्यास के सिलसिले में आज मोहनपुरा स्थित विद्युत विभाग–मुख्यालय में सातवीं मॉक ड्रिल आयोजित की गई। आपदा प्रबंधन निदेशालय और अन्य संबंधित विभागों के सहयोग से आयोजित अभ्यास में विद्युत विभाग के कुल सतानब्बे अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। मॉक ड्रिल के बाद डीब्रीफिंग सत्र आयोजित किया गया, जिसमें पर्यवेक्षकों ने मॉक ड्रिल के निष्कर्षों और कमियों के बारे में बताया। संसाधन विभागों के अधिकारियों से आग्रह किया गया कि वे अपनी तैयारियों की नियमित जांच करें और निकट भविष्य में किसी भी संकट से निपटने के लिए अपनी टीमों को सुरक्षा उपायों पर बुनियादी कौशल के साथ प्रशिक्षण प्रदान करें।

<><><><><><><>

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में अंडमान निकोबार शतरंज संघ आठ मार्च, डेयरी फार्म स्थित शतरंज केंद्र में महिलाओं के लिए एक विशेष शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन करने जा रहा है। "समुदाय, शक्ति और सशक्तिकरण" थीम के तहत, यह आयोजन न सिर्फ एक प्रतियोगिता है, बल्कि महिलाओं के बीच रणनीति, एकता और खेल के माध्यम से आत्मविश्वास का निर्माण करने का उत्सव है। यह टूर्नामेंट महिलाओं को जुड़ने, प्रतिस्पर्धा करने और अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच प्रदान करता है, जो शतरंज में महिलाओं की बढ़ती उपस्थिति को मजबूत करता है। इसमें प्रवेश निःशुल्क है। वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए ए आई सी एफ में खिलाड़ियों का पंजीकरण अनिवार्य है। अट्ठारह वर्ष से अधिक उम्र की महिला खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पात्र हैं। प्रवेश की अंतिम तिथि छः मार्च है। विवरण और पंजीकरण के लिए जी. सुधा से 9933217055 पर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>